Regarding law and order issues in Rajasthan

श्री हनुमान बेनीवाल **(नागौर) :** सभापति महोदय, राजस्थान राज्य के भीलवाड़ा जिले की सहाड़ा विधान सभा क्षेत्र के झबरकिया गांव का निवासी राजकुमार जाट, जो यूपीएससी की तैयारी कर रहा था । गुजरात राज्य के राजकोट में गोंडल विधान सभा क्षेत्र में उसकी निर्मम हत्या कर दी गई है । पूरे देश के जाट समाज में भारी रोष है । इस मामले में गुजरात पुलिस कुछ भी नहीं कर रही है । हमने गृह मंत्री जी और प्रधानमंत्री जी को इसके बारे में अवगत कराया है ।

राजकुमार जाट हत्याकांड की वजह से जाट समाज में भारी रोष है, मेरी मांग है कि इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाए । वहां के पूर्व विधायक और उसके परिवार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और उनको सलाखों के पीछे डाला जाए । केन्द्र सरकार एक अच्छा मैसेज दे और इसकी घटना की सीबीआई जांच कराई जाए ।

**14.02 hrs** (Hon. Speaker *in the Chair*)